संख्या-960/5360/41-2023-15(जिला योजना)/2023

प्रेषक,

संजीव कुमार श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ०प्र०
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग **लखनऊ :: दिनांक 18 दिसम्बर, 2023**

विषयः- जनपद रायबरेली के ग्राम व परगना सराय श्री बक्श (डलमऊ) स्थित श्री शंकर सिद्धेश्वर स्थल का पर्यटन विकास कार्य एवं जनपद हरदोई के घटावर के पास स्थित विक्टोरिया हॉल का पर्यटन विकास कार्य हेतु अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक महानिदेशक, पर्यटन, उ०प्र० लखनऊ के पत्र संख्या-5871/7-1-1/जि०यो०/द्वितीय किश्त यू०सी०/2023-24 दिनांक 06 अक्टूबर, 2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जनपद रायबरेली के ग्राम व परगना सराय श्री बक्श (डलमऊ) स्थित श्री शंकर सिद्धेश्वर स्थल का पर्यटन विकास कार्य एवं जनपद हरदोई के घटावर के पास स्थित विक्टोरिया हॉल का पर्यटन विकास कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र व अन्य संगत अभिलेख उपलब्ध कराते हुए अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रायोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में निम्न विवरण के अनुसार प्रशासकीय एवं प्रथम किश्त के रूप में वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी है:-

क्र0 सं0	**प्रायोजना का नाम**	**शासनादेश सं०/दिनांक**	**नामित कार्यदायी संस्था**	**मूल्यांकित लागत**	**प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति**	**प्रथम किश्त की वित्तीय स्वीकृति**
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	जनपद रायबरेली के ग्राम व परगना सराय श्री बक्श (डलमऊ) स्थित श्री शंकर सिद्धेश्वर स्थल का पर्यटन विकास कार्य	165/2023/1187/ 001-15-जिला योजना-2023. दिनांक 09.03.23	यू०पी०एस० टी०डी०सी०	18.58	15.78+जी०एस० टी० (वास्तविक भुगतान के आधार पर)	11.00
2	जनपद हरदोई के घटावर के पास स्थित विक्टोरिया हॉल का पर्यटन विकास कार्य	95/2023/234/001-41-2023-02-जिला 2023 योजना-दिनांक 11.02.2023	यू०पी०एस० टी०डी 19.99 ०सी०	19.99	16.97 + जी०एस०टी० (वास्तविक भुगतान के आधार पर)	14.00

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद रायबरेली के ग्राम व परगना सराय श्री बक्श (डलमऊ) स्थित श्री शंकर सिद्धेश्वर स्थल का पर्यटन विकास कार्य एवं जनपद हरदोई के घटावर के पास स्थित विक्टोरिया हॉल का पर्यटन विकास कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-44 के अन्तर्गत लेखा शीर्ष 5452-पर्यटन पर पूंजीगत परिव्य-80-सामान्य-104-संवर्धन तथा प्रचार-09-पर्यटन स्थलों का विकास (जिला योजना) मानकमद-24-वृहत् निर्माण कार्य मद में प्रावधानित धनराशि में से प्रश्नगत निम्न परियोजनाओं हेतु अवशेष धनराशि रू0 6.23 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने की निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	प्रायोजना का नाम	शासनादेश सं०/दिनांक	नामित कार्यदायी संस्था	मूल्यांकित लागत	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	अवशेष धनराशि की वित्तीय स्वीकृति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	जनपद रायबरेली के ग्राम व परगना सराय श्री बक्श (डलमऊ) स्थित श्री शंकर सिद्धेश्वर स्थल का पर्यटन	165/2023/1187/00 1-15-जिला योजना 2023, दिनांक 09.03.23	यू०पी०एस०टी० डी०सी०	18.58	15.78+जी०एस०टी० (वास्तविक भुगतान के आधार पर)	4.62
2	जनपद हरदोई के घटावर के पास स्थित विक्टोरिया हॉल का पर्यटन विकास कार्य	95/2023/234/001- 41-2023-02-जिला योजना-2023, दिनांक 11.02.2023	यू०पी०एस०टी० डी०सी०	19.99	16.97+जी०एस०टी० (वास्तविक भुगतान के आधार पर)	1.61
				कुल धनराशि		**6.23**

(1) परियोजना हेतु पर्यटन अनुभाग के शासनादेश संख्या-165/2023/1187/001-15-जिला दिनांक 09.03.23 एवं शासनादेश संख्या-95/2023/234/001-41-2023-02-जिला योजना-2023, दिनांक 11.02.2023 में उल्लिखित शर्तों/प्रतिबंधों का अनुपालन किया जायेगा।

(2) अवमुक्त की जा रही धनराशि का वित्त आय-व्ययक अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-2/2023/बी-1- 227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 एवं कार्यालय-ज्ञाप संख्या-10/2023/बी-1-602/दस- 2023-231/2023, दिनांक 19.09.2023 में निहित शर्तों एवं प्रावधानों के अन्तर्गत ही सुनिश्चित किया जायेगा। अवमुक्त की जा रही धनराशि जिस कार्य/मद हेतु प्रदान की जा रही है, उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्यमद हेतु किया जायेगा।

(3) प्रश्नगत परियोजना के निर्माण कार्य में वस्तु एवं सेवाकर (जी०एस०टी०) की धनराशि कार्यदायी संस्था को वास्तविक भुगतान के अनुसार नियमानुसार अनुमन्य होगी तथा इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था द्वारा सक्षम स्तर से अनुमोदित जी०एस०टी० भुगतान के सम्बन्ध में प्रामाणिक प्रपत्र महानिदेशक, पर्यटन के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त लेबर सेस के रूप में प्रदान की गयी धनराशि श्रम विभाग को भुगतान किये जाने का प्रमाण पत्र कार्यदायी संस्था से प्राप्त कर शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ उपलब्ध कराया जायेगा।

(4) यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यों की गुणवत्ता उच्चकोटि की हो तथा समय-समय पर कार्यदायी संस्था द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों का पर्यवेक्षण (मानीटरिंग) महानिदेशक, पर्यटन द्वारा सुनिश्चित कराया जाय। स्वीकृत धनराशि कोषागार से आहरित कर आहरण के बाउचर संख्या एवं तिथि की सूचना शासन एवं महालेखाकार प्रयागराज को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) प्रश्नगत परियोजना में होने वाले निर्माण कार्य के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि निर्माण कार्य आगणन के अनुरूप उसके तकनीकी अनुमोदन के अनुसार किया गया है तथा परियोजना को कार्यदायी संस्था से हस्तगत कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण कर लिया जायेगा एवं निर्मित परिसम्पत्ति का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जायेगा एवं इसकी अद्यतन प्रगति रिपोर्ट ई-परियोजनाओं की समीक्षा के पोर्टल पर अंकित कराते हुए शासन को अवगत कराया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

(6) प्रश्नगत परियोजना में टाइम ओवर-रन/कास्ट ओवर-रन को नियन्त्रित करने के सम्बन्ध में वित्त (आय- व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-07/2017/बी-1-823/दस-2017-एम-04/2017 दिनांक 21 जून, 2017 में दिये गये निर्देशों तथा बजट मैनुअल के प्रस्तर -212 (VII) में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया गया।

(7) प्रश्नगत परियोजना में निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी। स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी निर्धारित प्रपत्र पर सक्षम स्तर से शासन एवं महालेखाकार, प्रयागराज को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। सोशल आडिट से सम्बन्धित व्यवस्था/नियमों का भी पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। परियोजना में निर्माण कार्य की संस्था की होगी। गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी।

(8) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उपरोक्तांकित स्वीकृत योजनान्तर्गत कार्यों हेतु किसी अन्य स्रोतों से धनराशि प्राप्त न की गयी हो। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि इस योजना की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो और इसके रख-रखाव हेतु राज्य सरकार के ऊपर व्यय-भार न पड़े। कार्यदायी संस्था से कार्य की समाप्ति के पश्चात सम्प्रेक्षित लेखे अनिवार्य रूप से प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराया गया।

(9) अवमुक्त की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार तथा नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को बैंक खाते आदि में नहीं रखा जायेगा। कार्यदायी संस्था द्वारा शासकीय धन पर यदि ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे अनिवार्य रूप से राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित किया गया। यह भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि आगणन में बाट आउट एवं प्रोप्राइटरी श्रेणी के कार्यों पर सेन्टेज का भुगतान अनुमन्य न किया जाय। इसका अनुपालन पर्यटन निदेशालय एवं कार्यदायी संस्था द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(10) प्रश्नगत परियोजना में द्वितीय किश्त की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति कार्यदायी संस्था एवं पर्यटन निदेशालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना/विवरण के आधार पर प्रदान की जा रही है। यदि परियोजना के मानक के सम्बन्ध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका पूर्ण उत्तदायित्व कार्यदायी संस्था एवं पर्यटन निदेशालय एवं क्षेत्रीय अधिकारियों का होगा। प्रश्नगत परियोजना हेतु अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष वास्तविक रूप से व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्य की गुणवत्ता एवं फोटोग्राफ्स प्रतिहस्ताक्षारित कराये हुये (तिथि साहित) सक्षम स्तर से प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(11) महानिदेशक, पर्यटन द्वारा कार्य पूर्ण होने के उपरान्त कार्यदायी संस्था से सम्प्रेक्षित लेखे अवश्य प्राप्त किये जायेंगे।

(12) सोलर लाइट/सौर ऊर्जा से सम्बन्धित लाइटों/उपकरणों का क्रय उ०प्र० नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (UPNEDA) से नियमानुसार क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय रू0 6.23 लाख (रू० छः लाख तेईस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 044 लेखा शीर्षक 5452801040900 पर्यटन स्थलों का विकास (जिला योजना) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त आय-व्ययक अनुभाग-1 का शासनादेश संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 एवं कार्यालय-ज्ञाप संख्या-10/2023/बी-1-602/दस-2023-231/2023, दिनांक 19.09.2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्राविधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

अनु सचिव ।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ०प्र०, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ०प्र०, प्रयागराज।
3. निजी सचिव, मा० मंत्री, पर्यटन विभाग, उ०प्र० शासन ।
4. मुख्य कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट, लखनऊ।
5. जिलाधिकारी, रायबरेली/हरदोई ।
6. प्रबन्ध निदेशक, उ०प्र० राज्य पर्यटन विकास निगम लि०, लखनऊ।
7. वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
8. उप निदेशक (राज्य योजना) पर्यटन, मुख्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया क्रमांक-4, 5, 6 एवं 7 को अपने स्तर से आदेश की उपलब्ध कराने का कष्ट करें। 7 एवं
9. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
10. गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।